कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 05/02/2025

विषयः- **थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा *"ऑपरेशन चक्रव्यूह"* के तहत चेकिंग के दौरान शातिर वाहन चोर को चोरी के मोटरसाइकिल के पार्ट पूर्जे के साथ गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 0032/2025, धारा- 303(2) B.N.S. थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 05/02/2025 को समय करीब 00.44 बजे जलालबाबा सरैया वरुणा नदी के किनारे से अभियुक्त रितेश चौरसिया को चोरी किये गये वाहन हीरो ग्लैमर BR24R7695 के पार्ट पुर्जे की तीन बोरीयो के साथ गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

घटना का विवरण- दिनांक- 27/01/2025 को शाम को अग्रसेन नगर पहड़िया, सरैया से वादी के घर के सामने से हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में मुकदमा वादी द्वारा दिनांक 01/02/2025 को थाना जैतपुरा पर अभियोग पंजीकृत कराया था। पतारसी सुरागरसी के क्रम में थाना स्थानीय की पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली की चोरी के वाहन के पार्ट्स अलग अलग कर बेचने वाले वाहन चोर वरुणा नदी के किनारे मौजूद हैं इस सूचना पर दिनांक 05/02/2025 को समय करीब 00.44 बजे जलालबाबा सरैया वरुणा नदी के किनारे से अभियुक्त रितेश चौरशिया पुत्र मुन्ना चौरशिया निवासी ग्राम तोरवा थाना दानापुर जनपद चन्दौली हालपता मिठाई लाल यादव भवन चन्द्रा चौराहा थाना सारनाथ वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष को चोरी गये वाहन हीरो ग्लैमर BR24R7695 के पार्ट पुर्जे की तीन बोरीयो के साथ गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. रितेश चौरशिया पुत्र मुन्ना चौरशिया नि0 हाल पता मिठाई लाल यादव भवन चन्द्रा चौराहा थाना सारनाथ वाराणसी व स्थायी निवासी ग्राम तोरवा थाना दानापुर जनपद चन्दौली उम्र करीब 19 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 05.02.2025, स्थान- जलालबाबा सरैया वरुणा नदी के किनारे।

बरामद सम्पत्ति का विवरण-

03 बोरियों में मोटर साइकिल हीरो ग्लैमर BR24R7695 के पार्ट पुर्जे

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0032/2025 धारा 303(2), 317(2) B.N.S. थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 संदीप कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सरैया, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
3. हे0का0 शिवदास यादव, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
4. का0 कुलदीप सिंह, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
5. का0 किर्ती कुमार, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
6. का0 अनीश जायसवाल, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
7. का0 नृपेन्द्र सिंह, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
8. का0 अश्वनी सिंह, सर्विलांश सेल, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, जोन-काशी,
कमिश्नरेट वाराणसी।